पत्रांक–DHESec2/संबंधन–27 / 2020 / HTESD 1599/

झारखण्ड सरकार

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,

(उच्च शिक्षा निदेशालय)

योजना भवन, तृतीय तल्ला, नेपाल हाउस, डोरण्डा, रॉंची–834002.

प्रेषक,

उप निदेशक, उच्च शिक्षा,
झारखण्ड, रॉंची।

सेवा में,

कुलसचिव,
विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग,

रॉंची, दिनांक 29.09.2022.

विषयः– बी0एड0 महाविद्यालयों को बी0एड0 पाठ्यक्रम में अस्थायी संबंधन दीर्घीकरण प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य के तीन विश्वविद्यालयों से प्राप्त बी0एड0 महाविद्यालयों को बी0एड0 पाठ्यक्रम में अस्थायी संबंधन दीर्घीकरण प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। दिनांक 16.09.2022 को समिति की आहूत बैठक में सम्यक विचारोपरांत राज्य सरकार द्वारा अद्यतन स्टैच्यूट के प्रावधान के आलोक में कंडिका–2 में अंकित शर्तों के अधीन संबंधन दीर्घीकरण के प्रस्ताव पर निम्नांकित विवरणी के अनुसार स्वीकृति प्रदान की जाती है:–

(क) **विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग,**

क्र0 सं0	बी0एड0 महाविद्यालय / शिक्षण संस्थान का नाम एवं पता	शैक्षणिक सत्र	समिति का निर्णय
1.	मैक्स इन्स्टीच्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिजुलिया, रामगढ़।	2022–24, 2023–25 एवं 2024–26 के लिए संबंधन दीघीकरण।	स्वीकृत
2.	बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज ऑफ एजुकेशन, डोमचांच, कोडरमा।	2022–24, 2023–25 एवं 2024–26 के लिए संबंधन दीघीकरण।	स्वीकृत

2. शर्तः–

I. महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के निरीक्षण प्रतिवेदन में दिए गए सुझाव एवं शर्तों का अनुपालन समय सीमा के अन्दर किया जायेगा।

II. महाविद्यालय पूर्व क्षेत्रीय समिति राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् भुवनेश्वर द्वारा लगाए गए शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

III. महाविद्यालय राज्य सरकार द्वारा निर्गत परिनियम में वर्णित प्रावधान का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

विश्वासभाजन

(विभा पाण्डेय)
उप निदेशक, उच्च शिक्षा।

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

ज्ञापांकः–वि0भा0वि0 / स्था0 / 2897 / 2022 दिनांक 12.10. / 2022

प्रतिलिपिः–

1. संबंधित महाविद्यालय सचिव / प्राचार्य के सूचनार्थ एवं पत्र में वर्णित शर्तों का अनुपालन आवश्यक रूप से सुनिश्चित किया जाय।
2. निदेशक, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (उच्च शिक्षा निदेशालय) झारखण्ड सरकार, रॉंची।
3. परीक्षा नियंत्रक, वि0भा0वि0, हजारीबाग।
4. सभी पदाधिकारी, वि0भा0वि0, हजारीबाग।
5. स्थापना शाखा, वि0भा0वि0, हजारीबाग।
6. कुलपति / कुलसचिव के निजी सहायकों को कुलपति / कुलसचिव के सूचनार्थ।

12/10/22

कुलसचिव

12/10/2022